## खबर संक्षेप

### संस्कार अग्रवाल सीए फाइनल परिणाम में हुए चयनित



**मण्डला।** जिले के होनहार छात्र संस्कार अग्रवाल ने घोषित सीए फाइनल परीक्षा परिणामों में सफलता प्राप्त की, इन्होंने इस सफलता से परिवार और नगर का नाम रोशन किया। संस्कार शंकर नगर राजीव कालोनी निवासी राजेश अग्रवाल और गृहिणी सीमा अग्रवाल के सुपुत्र हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा मोंटफोर्ट स्कूल मंडला से हुई है, उसके बाद नवंबर 2020 में फाउंडेशन क्लीयर किया।सीए की तैयारी में नवंबर 2021 इंटर ग्रुप और नवंबर 2024 के परिणाम में फाइनल में चयनित हुए, कड़ी मेहनत करते हुए फर्स्ट अटेम्प्ट में क्लीयर किया। सीए फाइनल में चयनित हुए।शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य के लिए कामना की।

### मकर संक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय फिर होगा निःशुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम

**मण्डला।** सनातन धर्मोत्सव परिवार मण्डला के द्वारा दसवां निःशुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम आगामी मकर संक्रांति 14 और 15 जनवरी 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर संगम घाट महाराजपुर में आयोजित होगा। वर्ष 2015 से हर वर्ष आयोजित हो रहे इस आयोजन में श्रृद्धालु समाजसेवी अपने अनुपयोगी वस्त्रों का दान करते हैं जिससे जरूरत मंद तक वो वस्त्र पहुंच जाते हैं। भीषड़ ठंड में कपड़ों का महत्व उन्हें समझ आता है जिनके पास कपड़े नहीं होते। मण्डला नगर में शासन और अन्य समाजसेवियों का ध्यान हर बार इस ओर रहता है हर बार की तरह उसी स्थान में दो दिन का आयोजन रहता है जिसमें दानदाताओं से प्राप्त कपड़ों को सनातन धर्मोत्सव परिवार निःशुल्क वितरण करता है। इस बार के आयोजन में अपने घर में जितने भी अनुपयोगी वस्त्र हों अभी से निकलकर रख लें। हम आपके घर आकर वस्त्र एकत्रित कर लेंगे। अथवा श्रीराम मंदिर पड़ाव, बड़ी खेरमाई माता मंदिर बिनझिया, कला दीर्घा माहिष्मति घाट, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट और आयोजन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर संगम घाट महाराजपुर में भी जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र-करण वर्मा राजीव कॉलोनी।

## राजस्व प्रकरणों का निपटारा सर्वोच्च प्राथमिकता से करें-कमिश्नर अभय वर्मा

# कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

*** कमिश्नर श्री वर्मा ने राजस्व महा अभियान 3.0 के प्रकरणों की समीक्षा की।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कमिश्नर अभय वर्मा ने शुक्रवार को जिला योजना भवन में राजस्व महाअभियान 3.0 के कार्यों की समीक्षा की। जिले में राजस्व महाअभियान 15 नवंबर से 26 जनवरी 2025 तक प्रारंभ रहेगा। इस दौरान राजस्व अभियान 3.0 के तहत राजस्व प्रकरणों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने राजस्व महा अभियान के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर अभय वर्मा शुक्रवार को जिला योजना भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, एसडीएम निवास शाहिद खान, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, सहायक कलेक्टर आकिप खान, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

कमिश्नर अभय वर्मा ने आयोजित बैठक में तहसीलवार नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण, सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने परंपरागत रास्तों को चिन्हांकित कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। किसानों को उनके आधार, खसरा लिंकिंग के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी किसानों का आधार, खसरा अनिवार्य रूप से लिंकिंग कराएं। उन्होंने इसी प्रकार से फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में समीक्षा की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को लाभान्वित कराने के लिए अनिवार्य रूप से ईकेवाईसी कराने के निर्देश दिए। जिससे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल सके। कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने इसके बाद तहसीलवार आरसीएमएस अभिलेख दुरूस्तीकरण के निराकरण किए गए प्रकरणों की समीक्षा की। राजस्व महा अभियान 3.0 हेतु स्वामित्व योजना के दैनिक प्रगति के बारे में भी समीक्षा की। नक्शा तरमीम रिपोर्ट के प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले राजस्व अमले पर कार्यवाही करने को कहा गया।

### कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने निर्माणाधीन संयुक्त तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया

कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने शुक्रवार को निर्माणाधीन संयुक्त तहसील कार्यालय मंडला का निरीक्षण किया। संयुक्त तहसील कार्यालय में अधिकारी कक्ष, रिकार्ड रूम, कर्मचारी कक्ष, सभाहॉल, न्यायालय कक्ष सहित अन्य कक्षों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने संयुक्त तहसील कार्यालय के उक्त निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संयुक्त तहसील कार्यालय में विद्युत, नल कनेक्शन, पेंट पुट्टी, दरवाजे, खिड़की लगाने सहित अन्य कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, सहायक कलेक्टर आकिप खान, नायब तहसीलदार हिमांशु भलावी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला के पीछे स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह सहित निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सीके तिवारी सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ईव्हीएम वेयरहाउस में विधिवत रूप से एंट्री कर प्रवेश लिया। उन्होंने ईव्हीएम वेयरहाउस में व्यवस्था के संबंध में सभी को अवगत कराया। इसके बाद ईव्हीएम वेयरहाउस परिसर की साफ सफाई और सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली गई।





## किसानों द्वारा खाद्य महोत्सव मे स्थानीय भोजन (कोदो-कुटकी,सँवा, बाजरा, रागी, ज्वार) को बढ़ावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मण्डला विकासखंड के 10 गावों के लगभग 200 किसानों के द्वारा खाद्य महोत्सव का आयोजन जेडीएसएसएस मण्डला मे किया गया। लघु व सीमांत किसानों के विकास के लिए जेडीएसएसएस समाज सेवा संस्था और कारितास इंडिया द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु परियोजना संचालित किया जा रहा है जिसमे किसानों को जैविक खेती, परंपरागत बीजों को बढ़ावा, कंपोस्ट खाद्य व कीट नियंत्रक आदि के बारे मे लगातार क्षमतावर्धन किया जा रहा है। इसी तत्वाधान मे किसानों के लिए खाद्य महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे किसानों के द्वारा अलग अलग प्रकार के खाद, बीज, जैविक दवा आदि का प्रदर्शनी लगाया गया साथ ही स्थानीय भोज्य पदार्थों (कोदो, कुटकी, रागी, सँवा, बाजरा) के विभिन्न स्थानीय पकवान को स्टॉल लगा कर प्रदर्शित किया गया1 कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी, कृषि विभाग जे.एस.रजक, कृषि विज्ञान केंद्र से सीनियर वैज्ञानिक सहारे जी, कारितास इंडिया के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकुंद देशमुख उपस्थित रहकर किसानों को संबोधित किए। किसानों के द्वारा अपनी जानकारी व अनुभव को भी साझा किए। कार्यक्रम मे संस्था के संचालक फादर डोमनिक एवं परियोजना समन्वयक प्रदूमन धारवैया, और टीम के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## विहिप की धर्मरक्षा निधि संग्रहण जारी



**मण्डला।** विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत के द्वारा वर्ष 2025 की धर्मरक्षा निधि संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत कार्यालय प्रमुख पुष्पेन्द्र, विश्व हिन्दू परिषद विभाग संगठन मंत्री अरविन्द तिवारी, विश्व हिन्दू परिषद जिला सहमंत्री सोनल बर्मन, कोषाध्यक्ष उमाशंकर गुड्डु सिंधिया पत्रकार परिषद कार्यालय पहुंचे जहां पर जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल से धर्मरक्षा निधि भेंट स्वरूप ली। इस दौरान प्रांत कार्यालय प्रमुख पुष्पेन्द्र जी ने कहा कि धर्म और समाज के लिए विश्व हिन्दू परिषद काम करते आ रहा है। धर्म की रक्षा और सनातनी परम्पराओं का निर्वाह हर हिन्दूओं को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिन्दू के घर में गीता, रामायण के साथ तुलसी पूजन होना चाहिए। वहीं हर घर में भगवा ध्वज भी लगाना होगा। गौसेवा के साथ मानव सेवा भी होनी चाहिए। इस दौरान परिषद के अनेक साथी मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निवास ने डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

*** विधायक चैन सिंह वरकड़े ने डॉक्टर मनमोहन सिंह जी को विनम्र, सज्जन और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ बताया।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर निवास कांग्रेस कमेटी की ओर से गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय जायसवाल की अध्यक्षता में विश्राम गृह निवास में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सबसे पहले डॉ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। विधायक निवास और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निवास अध्यक्ष संजय जायसवाल ने अपने वक्तव्यों में कहा कि दिवंगत मनमोहन सिंह एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री थे। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को व्यवस्थित और मजबूत बनाया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा कानून, सूचना का अधिकार कानून, आधार कार्ड, शिक्षा का अधिकार और महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं को लागू कर देश को विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाया। वे एक अत्यंत विनम्र, सज्जन और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते थे। उनकी अमर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गयी। इस श्रद्धांजलि सभा में चैन सिंह वरकड़े (विधायक निवास) संजय जायसवाल, हितेंद्र गोस्वामी, संजय जायसवाल, संचित जायसवाल, बल्लू चौधरी, सचिन चौकसे, समीर साहू, संजय साहू, समेत कई कांग्रेस के वरिष्ठ एवं युवा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ सिंह को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी स्मृति को नमन किया।

## नारायणगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि



**नारायणगंज।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक स्वर्गीय श्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बस स्टैंड परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्रीमागन लाल सोनी महामंत्री श्री नरेश सोनी जी के द्वारा उक्त शोक सभा में आदरणीय डॉ मनमोहन सिंह के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा आदरणीय डॉ मनमोहन सिंह के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से 2 मिनट का मौन धरण करवा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की अपील की गई उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मगनलाल सोनी जी महामंत्री नरेश सोनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी महामंत्री विपिन सोनी किसान कांग्रेस महामंत्री विपिन सोनी शहर कांग्रेस अध्यक्ष रुपेश अग्रवाल कार्यालय प्रभारी हृदय साहू मीडिया प्रभारी सागर सोनी यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष सेवादल बलराम साहू हनुमत चक्रवर्ती नंदकिशोर अग्रवाल राजेंद्र सोनी यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रितेश सोनी संदीप सोनी सुमित सोनी अशोक पड़वार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परेशानी

### रेल यात्रियों को हो रही आए दिन स्टेशन में परेशानी।

# पिट लाइन न होने का दंश भोगते रेल यात्री

*** कंट्रोलर नागपुर और स्टेशन प्रबंधन की लापरवाही।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नैनपुर

नागपुर डिवीजन के परिचालन विभाग की मनमानी के चलते आए दिन रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हाल ही में गाड़ी संख्या 08272 जो कि अपने प्रतिदिन के निर्धारित समय 6:00 बजे नैनपुर से छिंदवाड़ा के लिए छूटती है लेकिन आज शाम नहीं छूटी तो रेल यात्रियों में हड़कंप मच गया। 3:00 बजे से अपनी सीट पर सुरक्षित बैठे रेलयात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही स्टेशन मास्टर ने उद्घोषणा करी की आज यह गाड़ी छिंदवाड़ा नहीं जाएगी दूसरी गाड़ी प्लेटफार्म नंबर एक पर आ रही है रेलयात्री अपना सामान लेकर पटरी पर दौड़ने लगे।रेल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह समस्या आए दिन कंट्रोलर नागपुर और स्टेशन प्रबंधन की लापरवाही के नतीजे कारण आ रही है ब्रेक पावर सर्टिफिकेट वायुदाब प्रमाण पत्र लेने रैक जाता है गोंदिया और वहां फिर गाड़ी तैयार होकर यात्रा के लिए आगे बढ़ती है एक रैक 96 घंटे काम करता है तीन दिन में एक रैक गोंदिया बीपीसी सर्टिफिकेट लेने जाता है नैनपुर में कैरिज एंड वैगन का पर्याप्त स्टाफ मौजूद है यदि गोदी लाइन (पिट लाइन) नैनपुर में बन जाती है तो यह रखरखाव का काम यही संभव है नागपुर डिवीजन के आला अधिकारियों की लालफीता शाही के चलते रेल यात्रियों को हो रही परेशानी से ने कोई लेना देना नहीं है 6:30 पर नया रैक गोंदिया से नैनपुर आया और 6:52 पर नैनपुर से छिंदवाड़ा के लिए गाड़ी संख्या 08272 रवाना हुई।



### महिला बुजुर्ग बच्चों को ही परेशानी

छिंदवाड़ा से आने के बाद या ट्रेन मंडला से आकर खड़ी रही है जिस पर यात्री अपनी सीट सुरक्षित कर कर बैठे रहे जब लोगों को पता चला कि यह गाड़ी छिंदवाड़ा नहीं जाएगी तो बेचारे अपना सामान लेकर अपनी जान जोखिम में डालकर पटरी से दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचे सबसे अधिक परेशानी महिला बुजुर्गों बच्चों को हुई जो पूरे रैंप को पार कर दो नंबर से एक नंबर प्लेटफार्म पर आए।

## ग्राम मनोहरपुर में वनविभाग के साथ टीबी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज



भारत सरकार का 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत जिला क्षय अधिकारी डॉ सुमित सिंगौर के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत मनोहरपुर में ब्लॉक बिछिया जिला मंडला मध्यप्रदेश में ग्राम विकास इको समिति बफर जोन वन विभाग मनोहरपुर पंचायत मनोहरपुर में टी बी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे इको विकास समिति मनोहरपुर कार्यरत कर्मचारियों एवं मजदूरों का टी बी स्क्रीन किया गया। कैम्प में कुल 295 लोगों की जाँच किया गया एवं संभावित 103 लोगों का बलगम के नमूने एकत्रित किया गया एवं एक्सरे 57 लोगों का किया गया। स्क्रीनिंग कैम्प में संबंधित सभी लोगों का टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक किया गया एवं निक्षय पोषण सहायता राशि निक्षय मित्र लक्षण जाँच उपचार संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया एवं टी बी मुक्त भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करने के लिए शपथ दिलायी गई। स्क्रीनिंग कैम्प में उपस्थित सफ़ाई मित्रों को टी बी जनजागरूकता अभियान के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य टीबी के लक्षण उपचार एवं दवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया सफ़ाई मित्रों को निक्षय पोषण सहायता राशि के विषय में बताया गया कि भारत सरकार की मंशा है कि कोई भी टीबी का मरीज़ अब पैसों की कमी से किसी की जान नहीं जाएगी उसके लिए सरकार की मंशा साफ़ है किसी की जेब से टी बी के इलाज के जाँच से लेकर उपचार तक कहीं पर भी एक रुपया का आर्थिक भार न पड़े उसके लिए मरीज़ को ट्राइबल इंसेंटिव के रूप में 750 रुपया और प्रतिमाह जब तक मरीज़ की दवा चलेगी 1000 रुपया मरीज़ के खाते में जमा किया जाता है ताकि वो पौष्टिक आहार ले सके। उसके साथ ही समाज में जनप्रतिनिधि समाजसेवी व्यापारी अधिकारी कर्मचारियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी से ग्रसित व्यक्ति को फ़ूडबास्केट वितरित किए जाते हैं। आज प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टी बी का संपूर्ण जाँच से लेकर इलाज तक निःशुल्क है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में भी अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा टी बी का जाँच संभव है जिसके तहत मरीज़ के खाकर जाँच के लिए CBNAAT मशीन, TRUNAAT मशीन, माइक्रोस्कोपी, IGRA टेस्ट, से मरीज़ों का जाँच संभव है साथ ही मरीज़ों के कांटेक्ट पर्सन का भी संपूर्ण जाँच निःशुल्क किया जाता है और किसी को टी बी का इन्फेक्शन भी है तो उसकी दवा भी पृथक से संपर्क व्यक्तियों को उनके वजन अनुसार प्रदाय किया जाता है। इस तरह मरीज़ों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया स्क्रीनिंग कैम्प में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया से, कमल किशोर आर्मो, राजकुमार कुकसते, पुरुषोत्तम लाल यादव, श्रीप्रसाद यादव, ममता पटेल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में बच्चों को दिखाया गया प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**गाडरवारा।** क्षेत्रीय स्कूलों मे बीते हुये दिवस वीर बाल दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। इस दौरान स्कूलों ने अपनी सुविधा के अनुरूप प्रोजेक्टर, एलईडी, टेलीविजन, लेपटॉप एवं टैबलेट के माध्यम से बच्चों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्कूली बच्चों को दिखाया गया। कार्यक्रम उपरांत शिक्षकों ने बच्चों को वीर बाल दिवस के बारे मे बताते हुए गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान से जुडी कहानी सुनाई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 16 दिसंबर से 26 दिसंबर तक वीर बाल दिवस मनाये जाने के निर्देश दिए गए थें। इस आदेश के चलते अनेक स्कूलों में अपने अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित भी किये गये।

### सड़को पर बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते बन रही जाम की स्थिति



**गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभय दान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है। जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है।

### पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर तोड़ दिया दांत

**गाडरवारा।** कटनी निवासी हाल नगर के शासकीय चिकित्सालय में नसिँग के रूप में पदस्थ महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस वह अपने मोबाईल देखते हुये हंस रही थी। इसी बात को लेकर पति द्वारा कहा कि मोबाईल पर किससे बात कर रही थी। पीड़ित पत्नी ने कहा कि मैं तो मोबाईल फोन पर सिरियल देखकर हस रही थी। मगर पति को संदेह होने के चलते गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये पत्नी का एक दांत तोड़े जाने पर पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घर में घुसकर वृद्व महिला के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के राधा बल्लभ वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर थी उसी समय मुहल्ले में ही निवासी करने वाली एक महिला तथा उसका लड़का योगेश मिर्धा, दुर्गेश मिर्धा तथा संजू गुप्ता प्रार्थिया के घर पहुंचे और पुरानी बुराई तथा पुलिस थाने में की गई शिकायत की बात को लेकर घर के अंदर घुसकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लोहे की राड़ से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# बेमौसम हुई बारिश ने किसानों के खेतों में तैयार हो रही गेहूं सहित मसूर फसल को किया बर्बाद

**गन्ना की कटाई का कार्य भी कुछ दिनों तक के लिये हो जावेगा प्रभावित, शनिवार को पौष माह में सावन की तरह लगी झड़ी ने बढ़ाई चिंताये...**



**हरिभूमि न्यूज/खुलरी**

क्षेत्र का किसान जिस प्रकार से बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये रात दिन एक करते हुये मेहनत करने में जुटा हुआ है। मगर इस साल ऐसा लग रहा था कि शायद प्रकृति उनका साथ दे देगी और उनकी माली हालत में सुधार हो जावेगा। मगर अन्नदाता की इस सोच को उस समय ग्रहणस लगने से नही चूक पाया जब शनिवार की सुबह आसमान पर अचानक काले बादल छाते हुये बैमौसम बारिश का दौर शुरू हुआ जिसने चल रहे पौष माह में सावन की झड़ी का अहसास कराने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इस तरह बैमौसम बारिश अन्नदाता के मांथें पर फिर चिंता की लकीर ला दी गई है। बताया जाता है कि वैसे भी देखा जावे तो डीएपी खाद के आभाव में किसी तरह किसान जुगाड या फिर मनमाने दामों पर खाद खरीद कर अपने खेतों में बोनी करके फुर्सत ही हुआ था कि अचानक हुई बारिश के चलते किसानों के खेतों में पानी भर जाने के कारण बोई गई फसल खराब होने से नही चूक पाई तो दूसरी ओर जिन किसानों ने अपने खेतों में गेंहू व मसूर सहित अन्य फसलों की बोनी कर दी गई थी। वह इस वेमौसम हुई बारिश की भेंट चढ़ने से नही बच पाई है और जमीन के अंदर से निकल रही फसलों को जरूरत से अधिक पानी होने के कारण वह पीली पड़ने की संभावना बनने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर जिन किसानो ने बोनी नही कर पाई थी उन किसानों के खेतों में इतना पानी भर जाने के कारण उनके खेत सूखने में काफी दिन लगने से नही चूक पायेगे। इस स्थिति में उनकी बोनी लेट होने के कारण उनकी पैदावार प्रभावित होने से नही बच पायेगी।

यदि किसान अब किसान दिसम्बर समाप्त होने के बाद अपने खेतों में बोनी करेगा तो उसकी फसल तैयार होते होते निश्चित तौर से अप्रैल मई माह तक पहुंच जावेगी। जब तेज तपन के चलते फसलों की पैदावार प्रभावित होने से नही चूक पायेगी? कुछ इसी प्रकार का हाल गन्ना उत्पादक किसानों का देखने मिल रहा है। क्योंकि बैमौसम हई बारिश ने उनके गन्ने की पिराई को काफी हद तक प्रभावित किया गय है। इस तरह देख जावे तो इस वर्ष अन्नदाता किसान को फिर प्रकृति की मार झेलने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है? क्योंकि आसमान पर अचानक बादल छाये हुये दिखाई देने लगते है तो चिंता के बीच किसानों की नजर आसमान पर जाकर टिक जाती है और उनकी रातों की नींद गायब होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन बन बिगड़ रहे मौसम के चलते किसानों के खेतों में तैयार हो रही फसलों में इल्ली का प्रकोप दिखाई देना भी शुरू हो चुका है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि जब सारी परेशानियों को झेलने के बाद अन्नदाता किसानों द्वारा अपने खेतों में इस उम्मीद के साथ फसल की बोनी की जाती है कि शायद इस बार उनका भाग्य संभल जावेगा और प्रकृति साथ दे देगी। मगर जब खेतों में फसले तैयार होने लगती है तो प्रकृति का खेल इस प्रकार से देखने मिलता है कि किसानों की रातों की नींद गायब होने से नही बच पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में जहां चना, गेंहू, मसूर सहित अन्य प्रकार की फसले तैयार होते हुये दिखाई पड़ रही है तो अनेक जगहों पर किसानों ने अपने खेतों में राहर फसल लगाई गई थी वह कटने के लिये तैयार होकर खड़ी है। मगर दूसरी ओर जिन किसानों के खेतों में गन्ना फसल लगी हुई है उसकी पिराई का कार्य जोरो पर चल रहा है। वही दूसरी ओर आये दिन आसमान पर बादल छाने के कारण किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे पड़ने से नही चूक पा रही है। क्योंकि बादलों का डेरा रहने से जहां फसलों में इल्ली का प्रकोप बढ़ रहा है तो दूसरी ओर ठंड में भी ब्रेक लगने से फसल तैयार होने की गति पर अंकुश लग रहा है। क्योंकि किसानों के खेतों में बोई गये चना, मसूर, गेंहू सहित अन्य फसलों के कारण संपूर्ण प्रकृति हरियाली से मग्न होने के पहले ही उस पर ग्रहण लगते हुये दिखाई देना शुरू हो चुका है..? इस तरह आसमान पर बदली छाने के कारण ठंड में रूकावट का महौल निर्मित हो रहा है उसके कारण किसानों के खेतों में लहलहाती की ओर अग्रसर हो रही फसलों में इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लगते हुये देखे जा रहे है तथा अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर किसान अनेक प्रकार से कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करने के लिये अभी से मजबूर होने लगे है।

इस स्थिति में किसानों को आर्थिक कठिनाईयाँ भी झेलना पड़ रही है। इस तरह प्रकृति की मार झेल रहे किसान आसमान पर छाने वाले बादलों को देखकर सुखमन से रोटी तक नही खा पा रहा है। क्योंकि दिसम्बर जनवरी माह चना, मसूर सहित इस सीजन की फसलों के लिये प्रमुख माना जाता है और इन महिनों में पड़ने वाली ठंड के चलते ही फसलों की जिन्दगी निर्धारित होती है। मगर आसमान में छाने वाले बादल जिस तरह ठंड में रूकावट पैदा कर रहे है वह निश्चित तौर से किसानों के लिये चिंता पैदा करते हुये दिखाई पड़ने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय देखा जा रहा है कि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में बोई गई चना, मसूर, गेंहू सहित अन्य फसलों का हाल इस तरह से बना हुआ है कि मौसम के मिजाज के कारण जहां अनेक प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे है तो दूसरी ओर उन्हें जंगली जानवरो द्वारा तो लगातार क्षति पहुंचाई ही जा रही है जिनकी सुरक्षा में किसान रात दिन अच्छी नींद लेकर सो तक नही पा रहे है तो दूसरी ओर प्रकृति द्वारा की जा रही खिलबाड़ किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीर निकाल रहा है। इस प्रकार से लगातार बन बिगड़ रहे मौसम से फिर क्षेत्र के किसानों को इस बात की चिंता सताने से नही चूक रही है। इस संबंध में जब क्षेत्र के किसानों से हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा की गई तो क्षेत्र के ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी युवा कृषक सुधीर कौरव के अनुसार इस वर्ष प्रकृति ने जिस प्रकार से खेल खेला गया है उसके चलते निश्चित किसानों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। क्योंकि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में सोयाबीन व धान फसल लगाई गई थी उस समय जब जरूरत थी उस दौरान अच्छी बारिश नही हुई जिससे सोयाबीन सहित धान की फसल काफी हद तक प्रभावित हो जाने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि धान के अच्छे भाव मिल जावेगे। मगर धान जिस भाव से विक्रय हो रही है उसमें लगात खड़ी होना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर इस समय जिस प्रकार से प्रतिदिन मौसम बन बिगड़ रहा है उससे लगा रहा है कि आब किसानों को बर्बाद होने से कोई नही बचा पायेगा। इसी प्रकार से ग्राम भौरझिर निवासी कृषक तुलसीराम राठौर का कहना है कि ठंड का मौसम स्वास्थ्य और फसलो के लिए बेहतर माना जाता है। मगर बीते हुये दिनों हुई बेमौसम बारिश ने जहां फसलों को खराब कर दिया गया है और अब भी भरोसा नही है कि आगे मौसम कैसा रहेगा। क्योंकि आसमान पर बादलों के रहने से फसलें अनेक प्रकार की बीमारियों की गिरप्त में आते आ रही है और इसी कारण खेतों में तैयार हो रही फसलों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ लगने के कारण उनकी सुरक्षा को लेकर किसान लगातार कर्ज उठाते हुये लागत लगा रहा है। वही ग्राम महगंवा कला निवासी कृषक राजाराम कौरव का कहना है कि पिछले रबी, खरीफ फसल सीजन में प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के किसानो की फसलों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था। मगर जैसे तैसे साधनों की व्यवस्था कर किसानों ने सही समय पर रबी फसलों की बोवनी की थी और कुछ किसानों की अभी समय पर खाद नही मिल पाने के कारण चल रही है पर वर्तमान समय में बादलों के उपद्रव ने क्षेत्र के किसानों को फिर चिंता में डाल दिया गया है। इसी प्रकार से ग्राम बांसखेडा निवासी युवा कृषक महेश पटैल का कहना है कि क्षेत्र का किसान मुश्किलों के प्रहार तो किसी तरह झेल लेता है। मगर मौसम की मार उसके लिए असहनीय होती है। पहले क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदा से पीडित हुआ है, इसके उपरांत क्षेत्र के किसानों ने बड़ी मेहनत से रबी सीजन की फसलो की बोवनी अपने खेतो में की थी। मगर इन दिनों मौसम का किसानों को बिल्कुल साथ न देने से क्षेत्र का किसान उदास होने से इसलिये नही चूक पा रहा है क्योंकि किसानों द्वारा खून पसीना एक करते हुये तैयार की जाने वाली मेहनत पर चंद मिनिटों में पानी फेर देता है।

# नववर्ष के स्वागत के दौरान हुड़दंग लीला मचाने वालों की नहीं होगी खैर, नियमों का उल्लंघन करने पर हो सख्त कार्यवाही- डीएसपी मिश्रा





**गाडरवारा।** हर साल देखा जाता है कि नये वर्ष यानि की जनवरी माह के शुरूआत यानि की नये वर्ष का स्वागत करने के लिये लोगों द्वारा जिस तरह हडदंग लीला मचाई जाती है उसके चलते अनेक घटनाये सामने आने से नही चूकती है। क्योंकि किसी भी अवसर पर खुशी मनाने के लिये प्रतिबंध नही रहता है। मगर वह खुशी किसी के लिये दुखदायी बने तो वह गलत होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देश पर आने वाली 1 जनवरी 2025 यानि की नये वर्ष को ध्यान में रखते हुये कल 30 दिसम्बर से गाडरवारा पुलिस द्वारा विशेष चौकिंग अभियान शुरू किया गया जिसमें मुख्य रूप से 31 दिसम्बर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जावेगा। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि सभी लोगों को आने वाले नये वर्ष की शुभ कामनाये है। मगर हमारा सभी से आग्रह है कि वह नये वर्ष की खुशी अच्छे से मनाये। क्योंकि हर साल देखा जाता है कि युवाओं द्वारा नये वर्ष के स्वागत को लेकर जिस तरह हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते अनेक प्रकार की घटनाये सामने आने से नही चूक पाती है। शराब के नशें में लोगों द्वारा सड़को के बीच अनेकों प्रकार की नौटंगी की जाती है। इस तरह हुडदंग लीला मचाने वालों पर गाडरवारा नगर निरीक्षक प्रियंका केवट खुद ही अपनी टीम के साथ पैनी नजर रखे हुये है। उनके द्वारा लगातार तीन सवार पर मोटर साईकिलों पर फर्राटे मारने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। वही दूसरी ओर डीएसपी रत्नेश मिश्रा का कहना है कि नगर में जनसहयोग के माध्यम से मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर अब तक कुल 63 सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगाए जा चुके है। उनके माध्यम से पुलिस द्वारा थाने में बैठकर पूरे नगर की गतिविधियों पर नजर रखे हुये है। वही नववर्ष पर असामाजिक तत्वों एवं वैधानिक कार्यवाही करने वालों पर सी.सी.टी.व्ही. सतत निगरानी रहेगी। वही दूसरी ओर थाना क्षेत्रांतर्गत कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं ट्राफिक नियमों का उचित पालन कराये जाने हेतु नव वर्ष पर थाना गाडरवारा पुलिस के द्वारा विशेष चैकिंग एवं पेट्रोलिंग पार्टियाँ तैनात रहेगी। जिनका मुख्य उद्देश्य हुड़दंग करने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। होटल, ढाबा की चैकिंग, अवैध शराब पर रोक, सार्वजिनक स्थानों पर शराब पार्टी, सड़को पर केक काटना, आतिशबाजी करना, बिना अनुमति डी.जे. बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वही पुलिस द्वारा आमजन से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि सजगता में ही सुरक्षा है। आगामी नव वर्ष के स्वागत जश्न के दौरान यातायात नियमों का पालन करे तथा नव वर्ष का जश्न मनाते समय इस बात का ध्यान रखे कि आपके द्वारा वाहन चालन से शहर में यातायात व्यवस्था बाधित ना हो तथा शराब के नशे में एवं तेजगति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने व तीन सवारी वाहन ना चलाए के आलवा नदी तट, पिकनिक स्पॉट, गहरे पानी में जाना, नशे की हालत में नहाने के दौरान दुर्घटना संभावित है। इस तरह के स्थानों पर नया वर्ष मनाने जाने से बचे। इसी प्रकार से नगर निरीक्षक प्रियंका केवट द्वारा भी नगर व क्षेत्र के लोगों को नये वर्ष की शुभ कामनाये देते हुये कहा है कि नया वर्ष सभी के लिये सुखमय हो। मगर हम चाहते है कि आपके दिलों की खुशी व हर्ष किसी के लिये दुखदायी साबित न हो..? इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि नये वर्ष का जश्न मनाने के लिये लोग शराब के नशें में मस्त होकर सड़को सहित लोगों के घरों के आसपास तेज आवाज के ध्वनियंत्रों के माध्यम से हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर सड़को पर बाइकों पर तीन तीन सवारी बैठाते हुये शराब के नशें में दौड़ाने से नही चूकते है। इस स्थिति में खुद के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूकती है। इस तरह के लोगों पर हमारी टीम पैनी नजर रखते हुये सख्त कार्यवाही करने से नही चूकेगी।

# बसेड़िया ने बैमौसम बारिश के दौरान वनांचल के गांवों में पहुंचकर वितरित किये कम्बल

**गाडरवारा।** जब किसी व्यक्ति के दिल में समाज सेवा करने का जुनून होता है तो वह इस तरह के लोगों के बीच पहुंचकर बगैर किसी दिखाबे के उनकी सेवा करने में जुटा हुआ देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार से समाज सेवा का बुखार मुकेश बसेड़िया में देखा जाता है। ज्ञात हो कि बसेड़िया के अंदर समाजसेवा को भूत इस तरह सबार हुआ है कि जब ठंड के बीच लोग अपने पल्लियों से निकलकर नित्य क्रिया करने जाने के पहले अनेको बार सोचने के लिये मजबूर हो जाते है। मगर बसेड़िया रात के समय अपने हाथों में कंबल लेकर सड़को पर उन लोगों को खोजते हुये नजर आने से नही चूकते है कि कही कोई ठंड से परेशान तो नही हो रहा है और खोज खोजकर उन्हें कंबल वितरण करते हुये देखे जाते है। इतना ही नही बसेड़िया द्वारा हर मौसम में उन क्षेत्रों में पहुंचकर समाज सेवा करते हुये जिन्हे सही मायने में किसी भी चीज की जरूरत होती है। क्योंकि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोटीटोरियाँ वनाचंल के कुछ गांव इस तरह से है जहां प्रशासन के अधिकारी उच्च स्तर से आने वाले आदेशों के परिपालन में मजबूर होकर जब इस तरह पहुंच विहिन गांवों में शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिये कभी कभार पहुंचते है तो जाने के पहले अपने साथ अनेक बिस्लरी की बांटलों की पेटियाँ रखने से नही चूकते है। मगर बसेड़िया के अंदर इन जरूरत मंदों की सेवा करने का जुनून इस तरह से देखा जाता है कि गर्मी का मौसम हो या फिर ठंड अपने थेला में मात्र चार रोटी बांधकर जंगल क्षेत्र के रास्तों पर निकल जाते है और इन लोगों को जरूरत की सामग्री प्रदान करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये शनिवार को उस समय देखने मिल जब बैमौसम हो रही बारिश के बीच जहां लोग अपने घरों से निकल नही पा रहे थें और बसेड़िया वनाचंल क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर कम्बल वितरण करते हुये देखे जा रहे थें। इस तरह गिरते पानी व भीषण सर्दी के बीच मुकेश बसेड़यिा ने दुर्गम दूरस्थ



बनांचल ग्राम कुक्लोर, गङ्गडोर के आलवा शनि मंदिर प्रांगण वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उन्हें जरूरत के हिसाब से कंबल साड़िया सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरण की गई। वही बच्चों के लिये ऊनी कपडे प्रदान किये गये है। उल्लेखनीय है कि मुकेश बसेड़िया इस तरह बीते हुये कई सालों से इन पहुंच विहिन माने जाने वाले दुर्गम पहाड़ों पर निवासरत निराश्रित व असहाय जनो की पुत्रवत सेवा कर रहे है तथा बेटा बेटियों को शिक्षा के लिए पर प्रेरित कर शिक्षण सामग्री व अन्य जरूरतें पूरी करते चले आ रहे है। इस तरह बगैर किसी दिखाबे के खुद के खर्च पर बगैर किसी स्वार्थ के की जा रही इस तरह की समाज सेवा के चलते जहां बसेड़िया यहां पर निवास करने वाले लोगों के दिलों में अनोखी जगह बनाई गई है। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा समाज सेवा के नाम पर तैयार की गई संस्थाओं द्वारा जिस तरह गोटीटोरिया क्षेत्र के कुछ गांवों में पहुंचकर समाज सेवा की औपचारिकता निभाते हुये अपने आपको दुर्गम क्षेत्रों का नाम देते हुये वाही वाही लूटने में कोई कसर नही छोड़ते है? मगर बसेड़िया द्वारा की जाने वाली यह समाज सेवा में न तो किसी तरह का स्वार्थ देखने मिलता है और बीते हुये कई सालों से लगातार चलते हुये देखी जा रही है।

## निर्मल ग्रामों के नाम पर हो रही शासन की राशि बर्बाद, कमिशन की आड़ में प्रशासन आंखें हुई बंद

**सालीचौका।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए केन्द्र हो या प्रदेश सरकार गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। मगर उन शौचालयों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी होगी..? क्योंकि शासन की राशि से बने हुए शौचालय यदि अपना एक जन्म दिन मना ले तो बहुत बड़ी बात समझी जावेगी? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन यह अधिकारी कर्मचारी अपनी आफिसो में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के चंद महिनों में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है। इस तरह शासन की राशि खर्च करते हुये गांव गांव गांव बनाये गये शौचालय कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गयी है? कचरा घर टूट गये है और जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है। मगर इसके इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया था, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दर किनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद भी टूटना शुरू हो चुकी है।

# नगर सहित क्षेत्र में फैली हुई फाईनेंस कंपनियों द्वारा धडल्ले से आमजन की जेबों पर डाला जा रहा डाका, प्रशासन की चुप्पी पर खड़े हो रहे सवाल

**गाडरवारा।** क्षेत्र के नेताओं द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि गाडरवारा क्षेत्र लगातार प्रगति पर तो दिखाई दे रहा है और इसी प्रगति के चलते आज नगर सहित क्षेत्र में व्यापार व अन्य व्यवस्थाओं में भी इजाफा होने लगा है और नगर में अनेक प्रकार की बड़ी बड़ी दुकानों के साथ साथ अन्य प्रतिष्ठान भी खुलते चले जा रहे है, जिसके चलते लोगों की सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर नगर में अनेक छोटी बड़ी बैकों द्वारा अपनी ब्रांच खोली जा रही है, वही दूसरी ओर अनेक प्रकार की फाईनेंस कंपनियों ने भी अपने पैर जमा लिये गये है, इस प्रकार से दिनों दिन अपने पैर जमा रही इन फाईनेंस कंपरियों की सच्चाई को लेकर जहां अनेक प्रकार के संदेह पैदा होते हुये जान पड़ रहे है क्योंकि नगर में जहां तहां स्थापित होने जा रही निजी फाईनेस कंपनियों के संबंध में शायद ही कभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी सच्चाई जानने का प्रयास किया गया हो..? और इसी का परिणाम है कि यह फाईनेस कंपनियों द्वारा क्षेत्र के भोले भाले लोगों को गुमराह करते हुए उनकी जेबों पर डाका डालने से भी नही चूक रही है? यह अलग बात है कि पूर्व में हमारे जिले के नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वाही वाही लूटने के उद्वेश्य से जिलो को पूर्ण साक्षर होने का खिताब जरूर दिला दिया गया है। मगर आज भी शहर से लेकर गांवों में निवास करने वाले अनेक लोग इस प्रकार से जिन्हें अंगूठा लगाते हुये देखा जाता है और इस समय जहां तहां चल रहे अंग्रेजी के बोल बाला ने तो स्थानीय स्तर पर पढ़ाई करने वाले युवाओं को भी गुमराह होने के लिये मजबूर कर दिया गया है। इस सच्चाई का लाभ बाहर से आने वाली इन निजी फाईनेस कंपनियों द्वारा धडल्ले से उठाया जा रहा है? बताया जाता है कि नगर में संचालित होने वाले अनेक बड़े बड़े प्रष्ठिानों द्वारा अपने सामग्री बेचने के लिये इन निजी फाईनेस कंपनियों से जुगलबंदी जमाते हुये जहां दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री का विक्रय करते हुये आमजन को फाईनेस करा दिया जाता है और बाद में इन कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से आम लोगों की जेबों पर डागा डाला जाता है इस बात की सच्चाई इस समय नगर में अनेक उन लोगों से चर्चा करने के दौरान मिल रही है जिन्होंने नगर की दुकानों से खरीदी गई सामग्री को फाईनेस कराया गया है? इस संबंध में मिल रही जानकारी के अनुसार नगर में जहां तहां स्थापित हुई बाहरी फाईनेस कंपनियों द्वारा नगर के बडे बड़े शोरूमों की शह पर धडल्ले से आम लोगों को लूटने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर इस ओर न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और और नही पुलिस द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर सहित क्षेत्र के गांवों में अनेक लोग इन फाईनेस कंपनियों के शिकार होते हुये आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर हो चुके है? बताया जाता है कि जब कोई व्यक्ति किसी बड़ी शोरूम या दुकान पर कोई सामग्री खरीदने के लिए पहुंचता है तो दुकान की संचालक या उसके कर्ताधर्ताओं द्वारा अपने ग्राहक से खुले शब्दों में कहा जाता है कि यह सामग्री उन्हें फाईनेस करा दी जावेगी और उसमें कोई परेशानी नही होगी इस प्रकार से बडे बड़े शोरूमों का संचालन करने वाले कर्ताधर्ताओं के बातों में जब लोग फस जाते है तो वह खुद की फाईनेस कंपनियों के लोगों बुलाते हुये अपनी सामग्री विक्रय करते हुये ग्राहक को आसान किस्तों पर भुगतान करने की सुविधा तो दिला दी जाती है और इसके बदले में ग्राहक से चेंक बुक और अन्य जरूरी दस्तावेजों में हस्ताक्षर ले लिये जाते है और इसके बाद शुरू हो जाता है इन फाईनेस कंपनियों द्वारा लूटने का कार्य जिसके चलते आम उपभोक्ता को सामग्री खरीदते समय फाईनेस के नाम पर बताई गई सच्चाई से संपूर्ण विपरित कार्य शुरू हो जाता है जब कोई उपभोक्ता अपनी किस्त रूपी राशि जमा करता है तो इन फाईनेस कंपनी द्वारा न तो उस जमा राशि के बदले कोई रसीद प्रदान की जाती है और न ही ऐसा कोई पुरूप दिया जाता है जिससे उपभोक्ता यह बात साबित कर सके कि उसके द्वारा इतना भुगतान किया जा चुका है? जब उपभोक्ता द्वारा फाईनेस के रूप में राशि बसूलने व बाकी के संबंध में फाईनेस कंपनी के संचालकों से चर्चा करता है तो उसके द्वारा जमा किये जाने वाली राशि के बाद भी जो बाकी निकलता है उसे सुनकर उसके पैरो तले से जमीन गायब होते हुई इसलिये दिखाई देने लगती है कि जो सामग्री उसके द्वारा खरीदी गई थी और दुकानदार द्वारा जो रेट बताया गया था उससे काफी अधिक हो जाती है और इस संबंध में जब वह सामग्री विक्रय करने वाले शोरूमों या फिर दुकानदार से चर्चा करता है तो वहां से उसे एक ही जबाव मिलता है कि भाई अब इसमें हम कुछ नही कर सकते है इस संबंध में तो फाईनेस कंपनी वाले ही जाने? यदि कोई व्यक्ति किसी फाईनेस कंपनी की शिकायत करने की हिम्मत जुटाने का प्रयास करता है तो फाईनेस कंपनियों द्वारा उसके सामने वह चेक बुक पेस कर दी जाती है जिसके चेकों पर बगैर तारीख व बगैर राशि के हस्ताक्षर कराने के साथ साथ वह अंग्रेजी वाले दस्तावेज पेश कर दिया जाते है जिन्हें कम पढ़े लिखे हुये नगर के व्यक्ति द्वारा दुकानदानों की लच्छेदार बातों में आकर फाईनेस कपंनी को सौप दिये गये होते है? इस प्रकार से नगर में धडल्ले से अनेक निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों की जेबों पर डाका डालते हुये देखा जा रहा है, जिसके चलते आम लोग शोरूम संचालको व फाईनेस कंपनियों की मिली भगत के चलते अपने आपको लुटा हुआ महसूस करने से नही चूक रहे है?

खबर संक्षेप

## तहसीलदार ने पायली घुघरी विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**शहपुरा।** शनिवार को तहसीलदार शहपुरा पुष्पेंद्र पेंद्रे ने शहपुरा तहसील के पायली घुघरी गांव के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय और हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में तैनात सभी शिक्षक अनुपस्थित मिले और विद्यालय में ताला लटकता हुआ मिला, वही शिक्षकों के अनुपस्थित होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। तहसीलदार ने नाराजगी जाहिर करते हुए शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही करने की बात कही है। जब इस संबंध में बी ई ओ शहपुरा से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जानकारी मिलने पर अनुपस्थित शिक्षकों की एक दिन की वेतन कटौती कर कार्यवाही की बात की जायेगी ।वही इस संबंध में हाई स्कूल के प्राचार्य से बात की गई तो उनके द्वारा यह बोलकर गोलमोल जवाब दिया गया कि वह एक दिन के छुट्टी पर थे लेकिन समझ में यह नहीं आया कि स्कूल में प्रिंसिपल छुट्टी पे थे लेकिन पूरा स्टाफ कहां गायब हो गया था जब इस तरह की औचक निरीक्षण समय-समय पर होते रहेंगे तो ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था कैसी चल रही है प्रशासन को भी इसकी वास्तविक स्थिति की जानकारी पता चलती रहेगी।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की औपचारिकता पूरी, 8 को होगा मतदान



**डिंडोरी।** डिंडौरी में जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन यानी शनिवार को पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। 30 दिसंबर तक नाम वापसी किए जा सकेंगे। 8 जनवरी को सभी पदों के लिए 189 वोटर मतदान करेंगे।

**इन प्रत्याशियों ने भरा नामांकन**
अध्यक्ष पद के लिए प्रवेश कनोजे, काशीराम मरावी, राजकुमार साहू, पीएन राय, उमेश कुमार पटेरिया ने नामांकन फॉर्म भरा है। उपाध्यक्ष के लिए अरविंद तिवारी, अरविंद सोनी, दिलीप कुमार सोनी। अंकेक्षक में सिंगल गंभीर दास महंत का नाम है। सचिव के लिए जनक राम बांधव, केजी साहू, चेतन नाथ चौहान। संयुक्त सचिव के लिए कमल किशोर सोनी, आकाश यादव। कोषाध्यक्ष के लिए नीरज शर्मा और सुदील बरमैया, लाइब्रेरियन में गगन प्रकाश मिश्रा और भूपेंद्र यादव ने नामांकन फॉर्म जमा किया है।निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी ऋषि राम दुर्वासा, सहायक निर्वाचन अधिकारी अरशद सिद्दीकी और सुरेंद्र सिंह ठाकुर कराएंगे। कुल 189 अधिवक्ता मतदान 8 जनवरी को करेंगे। प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में प्रचार प्रसार करने में लग गए हैं।

## हाई स्कूल मुडकी में राष्ट्रीय गणित दिवस का हुआ आयोजन



**डिण्डौरी।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और महाकौशल विज्ञान परिषद के तत्वाधान में शासकीय हाई स्कूल मुडकी में शनिवार को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का चलचित्र प्रदर्शन ,निबंध, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता एवं गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः सागर श्रीवास, रंजीत ठाकुर, गणेश प्रसाद, पोस्टर प्रतियोगिता में सागर श्रीवास, रंजीत, गेहरू एवं रंगोली प्रतियोगिता में कमलवती विद्या, विकास नाबिया ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सीएमजीएसवाय में मरम्मत के नाम पर जंगल में खेल
# महज खानापूर्ति कर 25 लाख रु का बंदरबाँट

### ग्रामीणों की जान खतरे में..मरम्मत के नाम सप्लायर और उपयंत्री ने किया गड़बड़ घोटाला

जिले में ग्रामीण अंचलो निवासरत आबादी के बुनियादी संसाधन एवं सुविधाओं के नाम पर प्रतिबर्ष करोड़ो अरबो रूपये शासन द्वारा ख़र्च किये जा रहें हैं

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।



लेकिन करोड़ो अरबो रूपये ख़र्च के बाद भी ग्रामीण अंचल के वाशिंदे सड़क, बिजली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं को तरस हैं, जिसका मुख्य कारण जन और ग्रामीण विकास के कार्यों में संलग्न अधिकारी कागजों में ही विकास कार्यों को समेट कर लाखों रूपये हड़पने का खेल कर रहें हैं, हद तो यह हैं की मध्यप्रदेश की मोहन सरकार द्वारा जीरो टॉरलेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने वाले तंत्र के नुमाइंदे आँखो में चांदी का चश्मा लगाकर तमाशबीन बने हुए हैं।एक तरफ केंद्र एवं राज्य सरकार विशेष पिछडी बैगा जनजाति को तमाम तरह की सुविधा मुहैया कराने जनमन अभियान के तहत चलाकर कार्य स्वीकृति किए जा रहें वही दूसरी और जिले का मैदानी अमला पिछडी जनजातियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर अपनी जेब भर रहें हैं। समनापुर जनपद पंचायत के अंतिम छोर में घनघोर जंगलो के बीच ग्राम धुरकुटा में आरईएस विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित ग्रेवल सड़क मरम्मत के नाम पर लाखों रूपये बंदरबाट करने का मामला सामने आया हैं, कांदावानी से पीएमजीएसवाय मार्ग धुरकुटा तक विभाग द्वारा पूर्व में करोड़ो रूपये की लागत से ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था,जिसके मरम्मत कार्य हेतु वर्ष 2022-23 में राज्य आयोजना मद से 10.76 हजार रु एवं रोजगार गारंटी योजना से 17 लाख 3 हजार रु स्वीकृत किया गया था,स्वीकृत राशि 28 लाख में से 24 लाख 96 हजार रु व्यय होने के बाद भी सड़क की हालत जस की तस बनी हुई हैं, ग्रामीणों ने बताया की मरम्मत के नाम पर महज 10,15 ट्रेक्टर ट्रॉली मुरुम कुछ गड्डों में भरा गया हैं, लेकिन कराये गए कार्य से सड़क की हालात जर्जर हैं, जिससे आवागमन में राहगीरों सहित वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, सड़क में बड़े बोल्डर होने से आये दिन वाहन दुर्घटना घट रही हैं।

**उपयंत्री और सप्लायर की मिलीभगत से लाखों रूपये का बंदरबाट**

ग्रामीण याँत्रकीय विभाग में लंबे समय से पदस्थ उपयंत्री बीडी हरदहा द्वारा लगातार निर्माण कार्यों में गड़बड़ी किए जाने के अनेको मामला उजागर हुए हैं लेकिन राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के चलते इन्हें लगातार अभयदान मिल रहा हैं। उपयंत्री बीडी हरदहा और ठेकेदार मिलकर शासन को पलीता लगा रहें हैं। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत धुरकूटा में स्वीकृत मरम्मत कार्य में चहेते सप्लायर का बिल लगाकर लाखों रूपये का बंदबाट किया गया हैं।



## जिला स्तरीय बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन शहपुरा में हुआ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी -** बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई डिंडोरी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन शहपुरा में आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि मनीष आनन्द सेक्टर प्रभारी रीवा 02 विशिष्ट अतिथि एड दिलिप बौद्ध सेक्टर प्रभारी रीवा विशेष अतिथि के रूप में बाल किशन चैधरी जोन प्रभारी रीवा मौजुद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता मो असगर सिद्दीकी जिला अध्यक्ष बसपा डिंडोरी कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी एड दिलिप बौद्ध ने कहा कि पार्टी सदस्यता अभियान से जोडे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक करें हर गांव में कैडर कैम्प लगाकर प्रत्येक व्यक्ति के पास जाएं और विचार धारा से लोगों को जोड़े विशेष अतिथि बाल किशन चैधरी जोन प्रभारी ने कहा कि जिले में पार्टी को मुख्य धारा से जोड़े कमेटी को पूर्ण करे 15 जनवरी को समाजिक परिवर्तन की महानायिका आयरन लेडी पूर्व मुख्यमंत्री उतर प्रदेश बहन कुमारी मायावती के जन्म दिवस को बहुजन समाज दिवश के रूप में मनाया जाना है जिसकी सभी कार्यकर्ता पूरी तैयारी में जुट कर कार्यक्रम को सफल बनावें अंत में मुख्य अतिथि मनीष आनन्द सेक्टर प्रभारी रीवा ने कहा कि सेक्टर एवं पोलिंग बूथ पर जाकर सेक्टर प्रभारी एवं पोलिंग बूथ अध्यक्ष बनाए पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े आभार व्यक्त करते हुए मो असगर सिद्दीकी जिला अध्यक्ष बसपा ने कहा कि 15 जनवरी को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के जन्म दिवस की तैयारी चल रही है इस बार बहुजन समाज पार्टी दिवस के रूप में मनाया जाना है जिले में पार्टी को मजबूत बनाने का काम चल रहा है एक सप्ताह में पार्टी के पदाधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी जो काम नहीं कर पा रहे हैं उन्हें पद से मुक्त करने का भी अभियान चलाया जा रहा है नवयुवको को पार्टी में पद देने का काम शुरू किया गया है। कार्यक्रम में रविन्द्र वेलिया, ललित बनावल,बाकर अली, घनश्याम नामदेव, ओमप्रकाश रैदास,डुमारी चैधरी,नीरज बनवासी, प्रताप सिंह आर्मो, अंसार अहमद,किशन रैदास मौजूद रहे।

# सड़क बन जाने से खुश नजर आ रहे हैं कई गांव के ग्रामीण एवं स्कूली छात्र

### सड़क बन जाने के बाद बजाग तहसील मुख्यालय से जुड़ गए कई गांव

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी



जिले के बजाग तहसील अंतर्गत कई गांव के ग्रामीण सालों से सड़क बन जाने का सपना संजोये हुए थे जो अब जाकर साकार हुआ है। सड़क बन जाने के बाद न सिर्फ ग्रामीण बल्कि स्कूली छात्र छात्राएं बेहद खुश नजर आ रहे हैं क्योंकि ग्रामीण तो किसी तरह दूसरे रास्तों के जरिये बजाग पहुंच जाया करते थे लेकिन स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को रोज जंगली ऊबड़खाबड़ पगडंडियों में पैदल चलकर एवं पहाड़ को पार करके स्कूल जाना पड़ता था। दरअसल अंगई और झनकी गांव के बीच काफी विशाल पहाड़ और जंगल था जिसके चलते यहां सड़क का निर्माण असंभव जैसा था लेकिन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग के द्वारा जंगल और पहाड़ को काटकर ऐसी जगह पर चमचमाती हुई सड़क बना दी गई जहां कभी पैदल चलना भी मुश्किल था। इस सड़क के निर्माण में विभाग को करीब सात साल का लंबा वक्त लग गया और सड़क निर्माण के दौरान तरह तरह की चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा है। विभागीय अधिकारीयों के मुताबिक करीब चार किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में चार करोड़ पचपन लाख रूपये खर्च किये गए हैं जिसमें सड़क के अलावा 11 पुल पुलियों का निर्माण भी शामिल है। यह सड़क झनकी,मनकी,सारंगपुर,अंगई समेत अन्य गांव में निवासरत सैंकड़ों ग्रामीण एवं स्कूली छात्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस सड़क के बन जाने से करंजिया एवं बजाग विकासखंड आपस में सीधे जुड़ गए हैं। सड़क नहीं बनने के पहले झनकी समेत अन्य गांवों के ग्रामीणों को बजाग तहसील मुख्यालय तक पहुँचने के लिए करीब 15 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था और अब सड़क बन जाने के बाद बजाग की दूरी सिर्फ 9 किलोमीटर रह गई है। स्थानीय लोगों ने बताया की उन्हें रोजमर्रा के काम के लिए,स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बाजार आदि के लिए बजाग तहसील जाना पड़ता है और इस सड़क के बन जाने से उन्हें काफी सहूलियत हो गई है। हायर सेकेंडरी झनकी के प्रिंसिपल सुशील नागेश्वर ने बताया की करीब पचास छात्र अंगई समेत अन्य गांवों से पढ़ने के लिए आते हैं और जब सड़क नहीं थी तब छात्र या तो काफी देर से स्कूल पहुंचते थे या फिर स्कूल ही नहीं पहुँच पाते थे लेकिन सड़क बन जाने के बाद अब छात्र नियमित रूप से निर्धारित समय पर स्कूल पहुँच जाते हैं।

### बारिश से दलहनी फसलों को होगा नुकसान, जनजीवन हुआ प्रभावित
# तापमान में गिरावट दर्ज, दिन में भी अलाव का सहारा

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी



मौसम में हुए परिवर्तन के कारण शनिवार को सुबह से ही जिले में आसमान में बादल छाए रहे। सुबह करीबन 11:30 बजे कुछ देर के लिए बारिश हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया। वहीं दोपहर करीबन 12:45 बजे से एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और बारिश शुरू हो गई। इस बीच ठंडी हवाएं भी चलती रही।रुक रुककर बारिश का क्रम दिन भर जारी रहा। बारिश होने के कारण जिले भर में ठंडक बढ़ गई है। बारिश होने से जनजीवन भी प्रभावित दिखाई दिया। बारिश के चलते फुटपाथ पर दुकान लगाए व्यापारी अपनी सामग्री तिरपाल एवं पन्नी से ढकते हुए नजर आए। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। जिले के कुछ धान खरीदी केंद्रों में किसानों से खरीदी गई धान को सुरक्षित रखने के इंतजाम न होने के मामले भी सामने आए हैं। मौसम की मार के चलते धान खरीदी भी जिले में प्रभावित हुई है। ठंड से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन करते देखे गए, कुछ लोग आग जलाकर उसके सामने बैठे दिखाई दिए तो वहीं कुछ लोग चाय की चुस्कियां लेते हुए देखे गए। बारिश से दलहनी फसलों को नुकसान होने की बात किसानों द्वारा बताई जा रही है, वहीं गेहूं की फसल के लिए मावठे की बारिश लाभकारी होगी। कुछ दिनो से आसमान में बादल छाये होने के कारण ठंड में कमी महसूस की जा रही थी लेकिन बारिस के बाद फिर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और तेज ठंड का अहसास किया जा रहा है। जिसके बाद आम दिन की अपेक्षा लोग गर्म कपडों लिपटे नजर आ रहे है। बारिस होने के कारण रोजमर्रा का कार्य भी प्रभावित हुआ है । हालाकि बारिस होने से किसानों को खुषी के साथ चिंता भी सता रही है जहां गेंहू की फसल के लिए अमृत बर्षा बतायी जा रही है वहीं चना , मसूर, मटर, सहित अन्य दलहन फसल के लिए नुकसान की भी बात कही जा रही है। खेतों में इस समय मटर में फूल और फल्लियां लग रही है वहीं मसूर की फसल में फूल लग रहे है और बारिस होने से फूल झडेगें और उपज भी प्रभावित होगी । किसानों ने बतलाया कि यदि दो तीन दिन इसी तरह मौसम बना रहा तो नुकसान की संभावना अधिक है।

## शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मझगांव में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**डिण्डौरी।** जिले के विकासखंड समनापुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझगांव में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जन साहस संस्था द्वारा पाक्सो एक्ट यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012. बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। साथ ही पाक्सो अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। बताया गया कि शिकायत हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से भी दर्ज की जा सकती है। पाक्सो एक्ट के तहत पुलिस की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई। एक्ट के तहत अपराध की गंभीरता के आधार पर सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया। पाक्सो एक्ट 2012 की विशेषताओं पर भी जानकारी दी गई। सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श को लेकर छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। इसके प्रति जागरूक रहने के बारे में बताया गया। शिकायत के लिए जन साहस हेल्पलाइन नंबर 180030002852, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 सहित अन्य हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य सहित स्टाफ, जन साहस संस्था जिलाः समन्वयक ममता धुर्वे, रश्मि मानिकपुरी, राधा कृष्ण दास सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## धान उपार्जन केंद्र निगवानी, छांटा और डिंडौरी का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी -** एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन ने खरीफ उपार्जन 2024 25 के तहत किये जा रहे उपार्जन के संबंध में धान उपार्जन केंद्र निगवानी, छांटा और डिंडौरी का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर कृषकों के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तौल, बोरी पैकिंग, भण्डारण, स्लॉट बुकिंग, धान की आवक, ढुलाई आदि की जानकारी ली। उन्होंने आवक में वृद्धि एवं मौसम के अनुसार उचित उपाय सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए उर्पाजन संबंधी मुद्दों की जानकारी ली।

# जनप्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण में पाया मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता की कमी

### अभिभावकों ने जाहिर की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी



जिले के विकासखंड करंजिया अंतर्गत संकुल गोपालपुर अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला सोनतीरथ में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। स्कूल में बच्चों को परोसे जा रहे भोजन में न केवल गुणवत्ता की कमी नजर आई, बल्कि शासन द्वारा निर्धारित मेन्यू का पालन भी नहीं होना पाया गया। क्षेत्रीय जनपद सदस्य मधुबन धुर्वे और ग्राम पंचायत चैरादादर की सरपंच मंती बाई पेंद्रो ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और भोजन की स्थिति का जायजा लिया तो लापरवाही सामने आई। जनपद सदस्य और सरपंच ने मध्यान्ह भोजन की जांच की तो पाया कि बच्चों को केवल आलू और सोयाबीन बड़ी की सब्जी परोसी जा रही है। उन्होंने बताया कि मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक व संतुलित आहार उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में कोई बाधा न आए, लेकिन गोपालपुर संकुल अंतर्गत मिडिल - स्कूल में स्थिति ठीक इसके विपरीत पाई गई।

**लापरवाही पर दी गई चेतावनी -** निरीक्षण के दौरान जब दोनों जनप्रतिनिधि ने बच्चों से सवाल किया कि उन्हें रोजाना कौन-कौन से व्यंजन परोसे जाते हैं, तो बच्चे जवाब देने में असमर्थ दिखे। उनकी चुप्पी और झिझक ने इस समस्या को और गंभीर बना दिना। ऐसा प्रतीत हुआ कि बच्चे नियमित रूप से मिल रहे भोजन से संतुष्ट नहीं हैं, या फिर उन्हें यह समझ ही नहीं आ रहा कि मेन्यू का पालन हो भी रहा है या नहीं। जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद दोनों जनप्रतिनिधि, ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के साथ किसी. भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरपंच मंती बाई पेंड्रो ने कहा कि गांव के बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। इस तरह की लापरवाही न केवल योजना की साख को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। वे इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखेंगी और दोषियों पर कार्रवाई कराएंगी।

**अभिभावकों में दिखी नाराजगीः-** मध्यान्ह भोजन में लापरवाही सामने आने पर स्थानीय अभिभावकों में भी नाराजगी देखी गई। अभिभावकों ने बताया कि बच्चों ने पहले भी खाने की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की थी, लेकिन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया गया।

## जमकर बरसे मेघ, दिनभर बने रहे घने बादल

# गन्ना किसानों के लिए संकट बढ़ा रही बारिश

**हरिभूमि न्यूज ।** नरसिंहपुर। बीते तीन दिनों से घने बादल मड़रा रहे थे जो गन्ना किसानों की चिंता को निरंतर बढ़ती जा रही थी। वही शनिवार को सुबह लगभग 8 बजे से ही बरसात शुरू हो जो अनवरत दो घंटे तक चलती रही वही दोपहर मे कुछ राहत मिली लेकिन दोपहर बाद मेघों ने बरसना पुनः शुरू कर दिया जो किसानों की चिंता को और अधिक बढ़ा गये। सम्पूर्ण जिला कृषि प्रधान है और किसानों की आय पर सभी निर्भर रहतें है और बेमौसम बरसात से किसानों को नुकसान होने का अंदेशा बढ़ रहा है। रवि की फसल लगाने वाले किसानों के लिये बारिश वरदान सिद्ध हो रही है वही गन्ना किसानों को बड़ी चुनैती दे रही है। अब देखना होगा कि आगे बारिश क्या कर दिखयेगी।

### गन्ना किसानों के लिए चुनौती बनी वारिश

जिले में आज बेमौसम बारिश ने दस्तक दी लगभग 2 घंटे तक हुई जोरदार बारिश ने पूरे इलाके को पानी से तरकर दिया। इस अचानक हुई बारिश ने जहां नाले, नालियों और सड़कों की सफाई कर दी, वहीं किसानों के लिए यह मिश्रित असर लेकर आई। गन्ना किसानों के लिए यह बेमौसम बारिश बड़ी चुनौती बन गई है। गन्ने की कटाई से लेकर गुड़ बनाने की प्रक्रिया पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम इसी तरह बिगड़ा रहा, तो गन्ने की कटाई और लेट होगी वही गुड़ भी अच्छा नही बनेगा जबकि जिले का गुड़ पूरे देश में प्रसिद्ध है। यदि वारिश ने विराम नही लिया तो अगले एक सप्ताह तक गुड़ बनाने का काम ठप्प हो सकता है।



### रवि की फसलों के लिए बारिश वरदान

बेमौसम बारिश गन्ना किसानों की चिंता को बढ़ा दिया वही रवि फसल लगाने वाले किसानों बारिश वरदान से कम नही है। वारिश के चलते गन्ने में नमी बढ़ने से इसे काटने और प्रोसेसिंग में दिक्कतें हो रही हैं। हालांकि, गेहूं, चना और मसूर की फसलों के लिए यह बारिश वरदान साबित हो सकती है। इन रबी फसलों को इस समय पानी की जरूरत थी, और बारिश से मिट्टी की नमी बढ़ने से इन फसलों की पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है। वही मेघों के बरसने से चने की फसल इल्ली लगने की संभावना है लेकिन गेहूं की फसल के लिये बारिश वरदान का स्वरूप में देखी जा रही है। वही जिले के कुछ किसानों के लिये वरदान तो कुछ किसानों के लिये संकट बनकर सामने आई। हालांकि यदि बारिश रूकती है तो सभी किसानों के लिये लाभकारी सिद्ध होगी।

### गन्ना कटाई मे बाधा बनी बारिश

जिले के गन्ना किसानों के लिये गन्ने की कटाई मे बारिश पूरी तरह बाधा बन गई है और गन्ने की कटाई पूरी तरह बंद हो गया है। किसानों का कहना है कि ऐसी बेमौसम बारिश का असर फसलों पर निर्भर करता है। गन्ना किसान जहां नुकसान से परेशान हैं, वहीं रबी फसल उगाने वाले किसान इस बारिश को लाभकारी मान रहे हैं। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना जताई है। अब देखना होगा कि आगे किसानों के लिये वारिश खुशी लेकर आती है या मायूसी क्योकि किसानों की आस पूरी तरह बारिश के रूकने पर टिकी हुई है। मेघों के बादल अनवरत बने हुये है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बगरई में आज होगा कुश्ती का महा दंगल

**गोटेगांव।** ग्राम बगरई (धरमपुर) में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है,दिनांक 29 दिसंबर 2024 दिन रविवार को समय सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक दंगल का आयोजन स्वर्गीय चेतराम असैया (उस्ताद)की पुण्य स्मृति में जय बजरंग व्यायाम शाला के तत्वाधान किया जाएगा जिसमें विभिन्न जगहों से पहुंच कर पहलवान अपने दांव पेंच का करतब दिखाएंगे वहीं आयोजन समिति ने सभी कुश्ती प्रेमियों से इस दंगल प्रोग्राम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने अपील की गई।

### सिमरीबड़ी रोड के उड़े परखच्चे



**गोटेगांव।** तहसील अंतर्गत सिमरी बड़ी गांव की रोड से नेगुंवा गांव तक रोड का डामरीकरण किया गया था। इस मार्ग पर नाले के ऊपर एक पुल का निर्माण भी हुआ था। मगर इस पुल से सिमरी बड़ी गांव की रोड तक जो निर्माण कार्य हुआ है वह इतना घटिया किया गया कि उसके चिथडे.अल्प समय में ही उड़ गए हैं।सिमरी बड़ी मार्ग से पुल तक जो डामरीकरण का कार्य किया गया। उसमें कई जगह पर रोड पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुकी है। सिर्फ गांव के पास की रोड ठीक है। इस रोड पर किसानों के वाहन ही संचालित होते हैं। इसके बाद भी रोड की हालत पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। इस रोड को दुरूस्त कराने की दिशा में अधिकारी ध्यान दे। ताकि नेगुंवा गांव के लोगों को रोड की सुविधा का लाभ अधिक समय तक मिल सके।

### तेंदूखेड़ा में जोरदार बारिश

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार के सुबह सुबह लगभग 5बजे से अचानक तेज वारिस शुरू हुई जो दिनभर चली इस वारिस आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।इस वारिस से कुछ फसलों को तो लाभदायक है। वहीं कुछ कृषकों का कहना है कि इस वारिस से गन्ना कटाई कार्य प्रभावित हो जायेगा वहीं तैयार खड़ी अरहर की फसलें आड़ी हो गई है। नवांकुर मसूर चना की फसल जिनके द्वारा पूर्व में फसलों को पानी दे दिया था उन फसलों को भी आगे और बरसात घातक सिद्ध हो सकती है।धान उपार्जन केन्द्रों पर बाहर पड़ी हुई धान भी गीली होने से खराब होने की अशंका बनीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आम जनजीवन भी सुबह से ही घरों से बाहर नहीं निकला जिसका असर साप्ताहिक बाजार पर देखने को मिला।

### प्रांत संगठन मंत्री ने किया शैक्षणिक अवलोकन



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती अमित जी दबे के द्वारा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरस्वती शिशु मन्दिरों में पहुंच कर शैक्षणिक अवलोकन किया। भैया बहनों से संवाद किया। समय-समय पर विद्या भारती के द्वारा अपने विद्यालय में क्षेत्र गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अपने स्तर पर प्रयोग करता रहता है आचार्य की शिक्षक गुणवत्ता में किस तरह सुधार हो कार्यशाला आयोजित होती रहती इन्ही अभिनव प्रयोगों के माध्यम से आज सरस्वती शिशु मंदिर अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं संस्कार बान शिक्षा के साथ राष्ट्र को योग्य नागरिक उपलब्ध करने का कार्य विद्या भारती करती आ रहीहै।



### सड़क दुर्घटना में एसआई घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला मुख्यालय के समीप खैरी नाका में के पास एक सड़क हादसे में करेली थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सी एस यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब वे अपने नरसिंहपुर स्थित निवास से ड्यूटी के लिए करेली थाने जा रहे थे। श्री यादव की बाइक उस समय स्लिप हो गई, जब सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में उनका नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे उनकी बाइक फिसल गई। हादसे में उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल पुलिसकर्मी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। यादव ने घटना के बारे में बताया कि कुत्ते को बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

# महिलाओं के लिये निशुल्क योग शिविर 2 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शीतकालीन ऋतु हम सभी के लिए बहुत ही स्वास्थवर्धक होती है इस ऋतु में प्रकृति की ओर से हमें अधिक मात्रा में साग सब्जी और भरपूर अनाज मिलता है जिससे हम स्वस्थ तो होते ही हैं परंतु कहीं ना कहीं इन प्रकृति प्रदत्त चीजों के अधिक सेवन से इन दिनों मानव शरीर का वजन भी अधिक बढ़ने की संभावना होती है क्योंकि ग्रीष्म ऋतु में हमारी बहुत सी ऊर्जा पसीने के माध्यम से शरीर से स्वतः ही निकल जाती है परंतु इस ऋतु में हमें अपने स्वास्थ्य का बहुत ध्यान रखना होता है, इस हेतु हमें बहुत ही सजग रहना होता है और एक संतुलित जीवन के लिए योग प्राणायाम ध्यान बहुत आवश्यक है इसी उद्देश्य को साथ लेकर महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर की दायित्व धारी मातृशक्तियों द्वारा अलग-अलग वार्डों में सात दिवसीय शीतकालीन निशुल्क योग शिविर लगाये जा रहे हैं जिसमें शीतकालीन प्रथम शिविर गली नंबर 4 धनारे कॉलोनी में आयोजित किया गया शिविर में आने वाली योग साधक बहनों को प्रतिदिन अलग-अलग योग आसन और प्राणायाम के माध्यम से विभिन्न बीमारियों से मुक्ति हेतु जानकारी दी गई साथ ही साथ पतंजलि द्वारा प्रमाणित और संबंधित जड़ी बूटियों ,दवाइयों की जानकारी भी दी गई। शिविर में महिला पतंजलि योग समिति की जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा, तहसील प्रभारी भारती कौरव, तहसील महामंत्री मंजू श्रीवास्तव एवं सहयोग शिक्षिका नमिता कौरव, एवं रिद्धि श्रीवास्तव द्वारा योग आसनों और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा योग शिविर में रेखा राय, सरोज चौक से, ज्योति चौरसिया, रजनी नेमा, ममता मिश्रा, मधु पटेल, लक्ष्मी पटेल एवं सविता पटेल की उपस्थिति रही यह शिविर 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक रहा। अब इसी क्रम में अगला निशुल्क योग शिविर गायत्री मंदिर परिसर नरसिंहपुर में आयोजित किया जा रहा है जो 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक रहेगा। जिसमें नगर की समस्त मातृ शक्तियों से शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु महिला पतंजलि योग समिति की दायित्वधारियों द्वारा आह्वान किया गया हैस। इन शिविर का आयोजन महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी श सुमन गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।



### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि 31 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी मौसम 2024- 25 के तहत राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों के लिए बीमा पंजीयन की शुरुआत हो गई है। किसान अपनी रबी 2024- 25 में फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 नियत की गई। इच्छुक किसान उक्त तिथि के पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। रबी मौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि का मात्र अधिकतम 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय होगा, शेष प्रीमियम राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। अधिसूचित फसलों के लिए असिंचित गेहूं के लिए 330 रुपये, सिंचित गेहूं के लिए 562 रुपये, चना के लिए 502 रुपये और मसूर के लिए 390 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि 1.5 प्रतिशत किसानों द्वारा देय की जायेगी। असिंचित गेहूं के लिए 22 हजार रुपये, सिंचित गेहूं के लिए 37 हजार 500 रुपये, चना के लिए 33 हजार 500 रुपये और मसूर के लिए 26 हजार रुपये बीमित राशि है। योजना के तहत अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें लगाने वाले बटाईदारों और काश्तकारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। योजना सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक की गई है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले किसानों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के परिवहन कार्यालय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनेश पिता बाबूलाल नेमा उम्र 36 वर्ष निवासी प्रताप नगर नरसिंहपुर को करेली से आते समय आता वाहन ने टक्कर मार दी जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### विद्यालयों में कॅरियर वेबिनार श्रृंखला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जन कल्याण योजना अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय मप्र व यूनिसेफ भोपाल के सहयोग से करियर वेबिनार श्रृंखला का आयोजन जिले की समस्त पीएमश्री एवं सीएम राइज विद्यालयों के साथ- साथ सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय में आयोजित किया गया। सहायक एपीसी समग्र शिक्षा दीपक अग्निहोत्री ने बताया कि वाणिज्य व आट्र्स विषय में करियर विकल्प की कक्षावार लिंक व निर्धारित समय की जानकारी समस्त प्राचार्यों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा साझा की गई थी। कैरियर गाइडेंस के तहत जिला मॉनिटरिंग दल द्वारा करेली विकासखंड के निवारी व आमगांव बड़ा के हायर सेकेण्डरी विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कैरियर गाइडेंस के तहत छात्र- छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी वार्षिक परीक्षा में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम के आवश्यक निदेश दिये। जिला मॉनिटरिंग दल से प्राचार्य गोविंद बड़कुर, एपीसी मुकेश साहू व दल के सदस्य प्रहलाद पटेल मौजूद थे।

## गौरव दिवस पर हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**तेंदूखेड़ा।** दिसंबर नगर के गौरव दिवस के अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा गांधी चौक पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सच्चे दादा चौक पर पहुंच कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा नगर परिषद परिषद के सभाकक्ष में शासन जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को पी एम स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री आवास विधवा पेंशन विकलांग पेंशन अंत्येष्टि सहायता राशि सहित विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए गये । साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री डां मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा पार्षद संतोष पटेल राजीव अग्रवालशिवदयाल खैरोनिया राधावल्लभ पांडेय डालचंद पटेल मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज डब्बल कोरी लीलाधर कुशवाहा गुडडू ठाकुर राजेंद्र पाली पूरनलाल कुशवाहा महीष मोदी मुकेश पुजारी मनीष चौबे सहित नगर परिषद के कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित थे।



## गन्ने से भरी डबल ट्रालियां यातायात में बन रही है बाधक

**गोटेगांव।** नगर में प्रमुख मार्गो से क्षेत्र के किसानों की गन्ने की फसल शुगर मिल द्वारा खरीदे जाने के कार्य प्रारंभ होते ही किसानों द्वारा प्रतिदिन अनेकों बार गन्ना भरकर एक ट्रैक्टर एक ट्राली की अपेक्षा पीछे दो दो ट्रालिया भरकर ले जाई जा रही है,गन्ने से भरी हुई डबल ट्रॉलियां दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने के साथ साथ यातायात में बाधक बनने के कारण वाहन मालिकों एवं आम नागरिकों को आवाजाही में अनेको प्रकार की मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है,क्योंकि किसानों द्वारा दो चक्कर लगाए जाने से बचने एवं थोड़े से डीजल की बचत चक्कर में खुलेआम दुर्घटनाओं को आमंत्रण दिए जाने के साथ साथ नगर के व्यस्ततम मार्गों पर आवागमन प्रभावित करते हुए आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियां उत्पन्न करने के साथ-साथ दुर्घटना का शिकार होने की संभावना बनी रहती है इसके अलावा घंटों व्यस्ततम मार्ग पर जाम लगे रहने के कारण नागरिकों के जरूरी काम प्रभावित होते हैं और समय की बर्बादी होती है इतना ही नहीं सभी को यह भय बना रहता है,ट्रैक्टर के साथ गन्ने से भरी हुई दो दो ट्रालिया कहीं अनबैलेंस होकर पलट गई तो कोई बड़ी अनहोनी घटना कभी भी घटित हो सकती है अगर ऐसा हुआ तो उसका जिम्मेदार कौन होगा,क्योंकि पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर ट्राली मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है ना ही पुलिस द्वारा इन्हें कोई हिदायत एवं जुर्माना नहीं किया जाता है जिसकी वजह से ट्रैक्टर मालिकों के हौसले बुलंद है,आमनागरिकों एवं वाहन चालकों ने शासन प्रशासन से खुलेआम दो ट्राली फंसा कर गन्ना भरकर ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्राली पर रोक लगाए जाने के साथसाथ पुलिस प्रशासन को भी आमनागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाना जनहित की दृष्टि से सही होगा ।



### 53 वर्षीय व्यक्ति ट्रेन से गिरकर घायल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली के लालपुर आउटर आउटर के पास ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल करेली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ सैनिक मुन्ना लाल एवं पायलट विष्णु प्रसाद नेमा ने मौके पर पहुँच कर बताया कि ट्रेन से गिरकर घायल हुए 53 वर्षीय व्यक्ति को डायल-112 स्टाफ ने पटरी के साइड से उठाकर चिकित्सा वाहन से प्राथमिक उपचार देते हुए करेली अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायल व्यक्ति बन्नूमान पिता लट्टू मान , उम्र 53 वर्ष ग्राम राजीगंज थाना सिरघाटी जिला गया का उपचार किया जा रहा है।

## टीन शेड में खुला रजिस्ट्री कार्यालय, पंगु बनी व्यवस्था



**गोटेगांव।** स्थानीय जनपद परिसर में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्टर प्रभारी अधिकारी की अनुपस्थिति ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी का कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न रहना, उनके कार्यों में बाधा बन रहा है,गोटेगांव के रजिस्ट्री कार्यालय में प्रभारी अधिकारी की अनियमित उपस्थिति ने जनता को मुश्किल में डाल दिया हैं नागरिकों का कहना है कि अधिकारी केवल हफ्ते में एक या दो दिन ही ड्यूटी पर आते हैं। उनकी इस गैरहाजिरी के कारण लोगों को अपने जरूरी दस्तावेजों और रजिस्ट्रियों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं,नागरिकों का आरोप है कि अधिकारी के प्रभारी पद पर होने की वजह से उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं, और गोटेगांव कार्यालय को वह प्राथमिकता नहीं दे पा रहे हैं। अधिकारी की गैरमौजूदगी के कारण रजिस्ट्री और अन्य कानूनी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे, जिससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी हो रही है, बल्कि व्यापारिक और प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन भी प्रभावित हो रहे,गोटेगांव रजिस्ट्री कार्यालय में प्रभारी अधिकारी की इस अनियमितता ने सरकारी सेवाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब तक करता है। जनता को उम्मीद है कि जल्द ही इस मुद्दे पर कार्रवाई होगी, ताकि उनका समय और श्रम दोनों बच सके।

**OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI TENDUKHEDA, DIST. NARSINGHPUR**

N.I.T. No/Nirman/2024-25/610 TENDUKHEDA date:-27.12.2024

**Notice Inviting Tender**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Construction of Sundry Shops 06 NOS. (3x3)m, Construction of Sundry Shops 12 NOS. (3x6)m AND Construction of Sundry Shops 20 Nos. (3x6)m at mandi yard Tendukheda distt-Narsinghpur Tender Number: 2024_MPSAM_391305_1 (PAC amount Rs. 171.98 Lakhs) The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 17.01.2025. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in. Note: Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti TENDUKHEDA
Distt. NARSINGHPUR